# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025



Follow Us On @Sahelijewellers

FIRST AND BIGGEST

Designer Jewellery Showroom

सहेली ज्वेलर्स

RAIPUR

5 लाख से भी अधिक सम्माननीय परिवारों के विश्वास के लिए

धन्यवाद छत्तीसगढ़

3rd ANNIVERSARY के

शानदार सात दिन

आपके सहयोग और विश्वास से हमारी यह रायपुर शोरूम की यात्रा सम्भव हुई है। आपका स्नेह और उपस्थिति हमारे लिए सम्मान का विषय होगी।

16th से 22nd नवम्बर

सिर्फ 3% मेकिंग चार्ज

16th नवम्बर 7.00 AM TO 09.00 AM

केवल रायपुर शोरूम

सिर्फ 4% मेकिंग चार्ज

16th नवम्बर 9.00 AM TO 12.00 PM

केवल रायपुर शोरूम

फ्लैट 50% OFF

मेकिंग चार्ज

16 नवम्बर, दोपहर 12:01 बजे से

रायपुर और दुर्ग शोरूम

सभी 22 कैरेट गोल्ड, डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी पर

*T&C Apply

CREATIVE HUB ADVERTISING

FISHTECH SOLUTIONS PVT. LTD.

Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870

100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | किसी भी ज्वेलर्स से खरीदी हुई पुरानी गोल्ड ज्वेलरी पर पाएँ 100% वैल्यू | SUNDAY OPEN


छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष
श्री रूपनारायण सिन्हा जी
को केबिनेट मंत्री
का दर्जा प्राप्त होने पश्चात्
प्रथम बस्तर संभाग
आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन
16 नवम्बर 2025
विनीत - समस्त योग साधक गण

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



05 विकास और सौगात के रंग में रंगा रहा आज का दिन



06 मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप तेजी से हो रहा विकासः किरण




## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस आज, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल



**जगदलपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनायी जाएगी। इस अवसर पर जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यूट्यूब चैनल एवं डीडी न्यूज़ के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश पत्र वाचन होगा तथा "पीएम जनमन", "आदि कर्मयोगी", "धरती आबा" जैसी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी।

### जिले में आजीविका मिशन की हुई बैठक



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा गुरुवार की शाम जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग,उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग,पशुधन विकास विभाग, हथकरघा विभाग,मत्स्य पालन विभाग, वन विभाग और लाइवलीहुड कॉलेज के अधिकारियों की बैठक लेकर भारत सरकार को बस्तर जिले में आजीविका प्रमोशन हेतु प्रस्ताव भेजने के संबंध में चर्चा किए।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। दरभा तहसील के ग्राम पखनार निवासी पायको की मृत्यु सर्पदंश से पति मंगूराम को चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को होगी

**जगदलपुर।** जल संसाधन विभाग के अंतर्गत होने वाली अमीन भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। यह महत्वपूर्ण परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जा रही है। परीक्षा आगामी 07 दिसंबर को राज्य के 16 जिलों में आयोजित होगी, जिसमें लगभग 2 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इस परीक्षा के आयोजन हेतु बस्तर जिले के अंतर्गत 60 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 15,908 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की शुचिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए व्यापम ने कुछ कड़े और अनिवार्य दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# छात्रावास में पेयजल की किल्लत, निस्तरी के लिए भी भारी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



शौचालय खस्ता हाल में होती है परेशानी





विकासखंड बकावंड के अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में आए दिन छात्रों को अपने नित्य कार्य स्नान एवं पीने के पानी के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ता है । छात्रों ने बताया जल आपूर्ति की असुविधा की वजह से छात्रों को परिसर के बाहर से पानी लाना पड़ता है । उन्होंने बताया छात्रावास परिसर के अंदर बना शौचालय खस्ता एवं जर्जर हाल में हैं। जिसकी वजह से छात्रों को शौच हेतु काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । इस समस्या की ओर विभाग के अधिकारी ना ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान है । जबकि छात्रावास ब्लॉक मुख्यालय में स्थित है जब मुख्यालय स्थित छात्रावास का यह हाल है तो दूरस्थ ग्रामों के छात्रावास का क्या हाल होगा । छात्रावास अधीक्षक हरिश्चंद्र कश्यप से संपर्क करने पर उन्होंने बताया की बोर खराब है बनवाने के लिए संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है । मंडल संयोजक लीलाधर कश्यप ने बताया कि समस्या का निराकरण जल्दी किया जाएगा । छात्रावास अधीक्षक को समझाइस और निर्देश दिया जाएगा की समस्या का जल्द निदान करें ।

## एक माह में ही सड़क मरम्मत होने से लोगों को मिलेगी राहत

# एनएच 30 पर केशलूर-तोंगपाल तक सड़क की मरम्मत से मिलेगी राहत एवं जोखिम काम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सुकमा मार्ग के केशलूर से तोंगपाल तक सड़क की हालत खराब होने से दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों के चालकों को भारी परेशानी हो रही थी। यहां तक बस्तर ही नहीं बल्कि सीमावर्ती प्रदेश ओड़िशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना के भी लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों को राहत देने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा ढाई करोड़ की लागत सेकेशलूर से तोंगपाल तक 36 किमी सड़क की मरम्मत की जा रही है। यह कार्य एक माह में ही सड़क की हालत सुधर जाएगी, जिससे लोगों को जगदलपुर से सुकमा तक जाना आसान हो जाएगा। केशलूर से लेकर तोंगपाल तक इतने गढ्ढे होने से अधिकाश यात्री दंतेवाड़ा होकर जाने के लिए मजबूर थे, अब सड़क सुधरने से लोगों सीधे जगदलपुर से सुकमा जा पाएंगे। खराब सड़कों से उड़ने वाली धूल से होने वाली परेशानी से राहत मिलती है, जिससे वायु प्रदूषण भी कम होता है और आसपास के निवासियों को राहत मिलती है। गड्ढों के कारण वाहनों को नुकसान होता है, जो मरम्मत से बच सकता है, जिससे वाहन मालिकों का खर्च कम होता है। मरम्मत से सड़क सुरक्षा में सुधार होता है और जान-माल का जोखिम कम होगा। बेहतर सड़कें व्यापार और परिवहन को बढ़ावा देती हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों में भी सुधार होगा।

■ सड़क में सुधार होने से परिवहन की गति बढ़ेगी

### धूल-गुबार में होगी कमी

सड़क की मरम्मत से लोगों को कई तरह की राहत मिल सकती है, जिसमें आवागमन में आसानी, धूल-गुबार में कमी और वाहनों को होने वाले नुकसान से बचाव शामिल है। यह सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम को कम होगी और यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा।

### लोगों की मांग पर हो रही मरम्मत

पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग सुकमा के अनुविभागीय अधिकारी एसएन साहा ने बताया कि लोगों की मांग एवं जनप्रतिनिधी के प्रयास से केशलूर से तोंगपाल तक सड़क के मरम्मत कार्य किया जा रहा है, दिसंबर में पूरा हो जाएगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

# बाल दिवस-बाल सुरक्षा सप्ताह, हर बालिका-राष्ट्र की पूंजी, थीम पर जिले में व्यापक जागरूकता अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल दिवस बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत बाल दिवस पखवाड़ा का आयोजन पूरे जिले में सक्रिय रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य थीम हर बालिका-राष्ट्र की पूंजी रखा गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

जिले के विभिन्न परियोजनाओं में स्कूल, कॉलेज, पोटाकेबिन, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बालिकाओं के आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से गतिविधियाँ कराई जा रही हैं। स्कूलों में मेरे सपनों का भविष्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें बालिकाएँ भविष्य में क्या बनना चाहती हूँ, विषय पर अपने विचार प्रकट कर रही हैं। कविताएं, निबंध और लघु भाषण के माध्यम से बेटियाँ अपने सपनों और अधिकारों को अभिव्यक्त कर रही हैं। कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा संवाद सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओंए नीतियों और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, साथ ही उन्हें कौशल एवं क्षमता वृद्धि के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिकाएँ, गर्भवती महिलाएँ, शिशुवती माताएँ एवं स्थानीय नागरिक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं और सेवाओं ▶▶| शेष पेज 04 पर

# बरगद पेड़ की कटाई पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ इंद्रावती बचाओ अभियान ने आईजी को सौंपा मांगपत्र

शहर के लालबाग मार्ग पर सैकड़ों वर्षों पुराने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के.बरगद पेड़ों की कटाई का मामला गरमा गया है। इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। आईजी ने तुरंत पेड़ों की कटाई रुकवाने का आश्वासन दिया।

सदस्यों ने बताया कि ये बरगद के वृक्ष केवल पेड़ नहीं,बल्कि बस्तर की प्राकृतिक धरोहर, दशहरा की परंपरा, व वट सावित्री पूजा का केंद्र हैं। इन्हें बस्तर हेरिटेज का प्रतीक स्थल माना जाता है। ऐसे में इनका कटना न सिर्फ पर्यावरणीय क्षति है,बल्कि सांस्कृतिक विरासत पर भी गहरा प्रहार है। इस दौरान किशोर पारेख,अप्रतिम झा,हरि वेणु, डॉ. सतीश जैन,प्रमोद मोतीवाला, लक्ष्मी कश्यप, सुनीता उमरवैश्य,ललित जोशी,उमा महतो शामिल रहे।

# शौचालय में पसरी गंदगी, 6 माह से पानी की आपूर्ति बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



■ सीईओ को अवगत कराने के बाद भी समस्या जस की तस

विकासखंड बकावंड मुख्यालय में शौचालय की हालत खस्ता एवं बदबूदार है। जनपद पचायत कार्यालय में 15 वें वित्त योजना की राशि 8 लाख से शौचालय जीर्णाधार का कार्य किया गया था। राशि खर्च

करने के बाद भी शौचालय का हाल बदतर है। ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया । 6 माह से पानी की आपूर्ति बंद है । जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं है । समस्या जस की तस बनी हुई है। कर्मचारियों एवं गामीण जनो ने सीईओ बकावंड को अवगत कराया है। सीईओ परमेश्वर कुर्रे से संपर्क किया गया हर बार की तरह इस मामले से बचने के लिए फोन रिसीव नहीं किया।

### दस्तावेजों का सत्यापन 26 को किया जाएगा

**जगदलपुर।** सहायक जिला समन्वयक के रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति किये जाने बाबत 1.10 के मान से पात्र पाए गये अभ्यर्थियों को उनके मूल प्रमाण-पत्रों एवं अन्य अभिलेखों की जांच-मिलान 26 नवंबर को सुबह 11 बजे कार्यालय, जिला पंचायत बस्तर, जगदलपुर में किया जाएगा।

## बिहार की जीत पर मनाया जश्न और की आतिशबाजी





**जगदलपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और भाजपा की शानदार विजय पर आज दोपहर जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटे और जीत की खुशियां साझा की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, विद्या शरण तिवारी, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, नगर मण्डल अध्यक्ष द्वय प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, शशि नाथ पाठक, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी, संजय चंद्राकर, अतुल कौशल, रोहित त्रिवेदी, संग्राम सिंह राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हजारों रुपए की शराब जब्त, आबकारी विभाग की कार्रवाई

# ढाबे में चखने के साथ परोसी जा रही थी देशी और विदेशी शराब, संचालक को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के बड़ेचकवा में संचालित ढाबा में आबकारी की टीम ने रेड मारकर हजारों रूपए की देशी व विदेशी मदिरा जब्त किया है। मामले में ढाबा संचालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

ढाबा की आड़ में अवैध शराब बेचे जाने की सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के निदेश पर आबकारी एसआई मुकेश कोरी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि घोटिया चौकी निवासी अशोक कश्यप द्वारा ढाबा की आड़ में अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। टीम द्वारा बड़ेचकवा स्थित डाबा में रेड कारवाई की गई। ढाबा की तलाशी में नीले रंग के प्लास्टिक डब्बा में रखा मध्यप्रदेश निमित 180 एमएल क्षमता वाले 20 बाटल गोवा स्प्रिट ऑफ स्मूथनेस व्हिस्की कुल 3.6 बल्क लीटर के अलावा अलग अलग प्लास्टिक जरिकेन में भरा 25 लीटर 5 लीटर देशी शराब तथा दो लीटर के प्लास्टिक बोतलों में भरा हुआ 8 लीटर देशी हाथ भट्टी महुआ शराब कुल 41.6 बल्क लीटर बरामद कर जब्त किया गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 7 हजार 660 रूपए आंका गया है। मामले में आरोपी अशोक कश्यप के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क), 34(2), 36, 59-क के तहत मामला दज किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कारवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कोरी के अलावा प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद, सरोजिया, आरक्षक ललित ठाकुर, शैलेष पाण्डेय, महिला सैनिक संगीता, संगीता ध्रुव एवं हेमराज बघेल की महत्वपूण भूमिका रही।



### अवैध शराब के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

अवैध शराब के खिलाफ लगातार कारवाई की जा रही है। जिले में पदस्थ सभी अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। विशेषकर मध्यप्रदेश निर्मित शराब के परिवहन व बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार संभावित क्षेत्रों में दबिश देकर जांच की जा रही है। शराब की तस्करी रोकने के लिए अलग अलग टीम गठित की गई है जो लगातार नजर बनाए हुए है और टीम का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**अमन सिंह,** जिला आबकारी अधिकारी, बस्तर




# केशकाल विधायक ने जिला कार्यालय में ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को योजनाओं का लाभ मिल सके।

■ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की भी हुई व्यापक समीक्षा

विधायक ने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

### धान खरीदी, कृषि एवं बीज गुणवत्ता पर चर्चा

धान खरीदी सीजन की तैयारी की समीक्षा करते हुए उन्होंने बारदाना उपलब्धता और सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बीजों की गुणवत्ता जांच और रबी फसल तैयारी की स्थिति जानी।



### आंगनबाड़ी, बाजार एवं छात्रवासों में बेहतर सुविधाओं के निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। उन्होंने प्रमुख बाजारों, कन्या छात्रवासों एवं आश्रमों में सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड और अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं बैंकिंग सेवाओं की मीक्षा

विधायक ने सूर्य घर योजना की प्रगति जानी और लीड बैंक मैनेजर को बैंकों में लंबित ऋण स्वी—तियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उन्होंने धनोरा में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रगति की जानकारी लेकर इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### सड़क, विद्युत एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा

विधायक ने केशकाल सड़क मार्ग निर्माण, जामगांव विद्युत उपकेंद्र, रायपुर–विशाखापत्तनम मार्ग पर टनल निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला स्तर, एसडीएम तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केशकाल, माकड़ी अमरावती मार्ग में बीटी पेंच मरम्मत कार्य जारी



**कोण्डागांव।** लोक निर्माण विभाग मधा संभाग कोण्डागांव द्वारा वर्षा ऋतु के उपरांत केशकाल, बांसकोट, माकड़ी, अमरावती मार्ग में बीटी पेंच मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्यपालन अभियंता ए. आर. मरकाम ने बताया कि शासन द्वारा जिले में लोक निर्माण विभाग के 58 मार्ग 402.83 किमी की मरम्मत के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की मांग जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत राशि के अंतर्गत सभी क्षतिग्रस्त मार्गों का कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को आवागमन में कोई परेशानी न हो। निर्देशों के अनुरूप लोक निर्माण विभाग द्वारा संबंधित मार्गों पर गुणवत्ता पूर्वक बीटी पेंच मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### बच्चों के आधार पहचान पत्र बनाने 20 विशेष शिविर होंगे

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1 से 5 साल तक के बच्चों के लिए नए आधार पहचान पत्र बनाने का एक महाअभियान शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने अधिकारियों की बैठक में बच्चों के आधार पंजीयन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पहल किए जाने के निर्देश दिए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आधार आईडी बनवाने में आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और बच्चों के लिए आधार बनाने की प्रक्रिया को व्यापक बनाना है। बैठक में सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, पोस्ट ऑफिस के अधिकारी-कर्मचारी, चिप्स के अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी संबंधित विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।



पेज 3 के शेष...

### बाल दिवस-बाल ...

की विस्तृत जानकारी दी जा रही है जैसे- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़, नोनी सुरक्षा, सखी वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम महिला कोष के अंतर्गत ऋण, दहेज प्रतिषेध एवं टोनही प्रताड़ना अधिनियम, गुड टच-बैड टच जागरूकता, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181, महिलाओं और बालिकाओं को बताया जा रहा है कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर किस प्रकार आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकती हैं तथा समाज में जागरूकता फैला सकती हैं। इस दौरान जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्य सेक्टर पर्यवेक्षिकाओं एवं विभागीय टीम श्रीमती शीला भारद्धाज, श्रीमती सुनीता तामड़ी, सुश्री आनंदमई मलिक, श्री नवीन मिश्रा, सुश्री नगीना लेखम, श्री संदीप चिड़ेम, श्री राजकुमार निषाद, श्री अविनाश नायक, श्री राजेश मंडे, श्री महेंद्र कश्यप, श्री महेंद्र यादव, सुश्री कुसुमलता, सुश्री रंजिता कश्यप, सुश्री पुष्पा कोरम और श्री सतीष कुरसम द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

## बाल मेला : चाचा नेहरू को याद कर बच्चों ने लगाया उत्सव का रंग

# माध्यमिक शाला बालेंगा में धूमधाम से मना बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित माध्यमिक शाला बालेंगा में 14 नवंबर को बाल मेला एवं बाल दिवस धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रधानाध्यापक उमाशंकर नाग, संकुल समन्वयक हीरालाल बघेल, शिक्षक सुदरन मरकाम, नागेंद्र साहू, लच्छुराम वट्टी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा–अर्चना कर किया गया।

■ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत

स्कूल के छात्र डिकेश कुमार नेताम ने चाचा नेहरू का किरदार निभाया, जिसे सभी ने खूब सराहा। इसी अवसर पर उन्होंने प्राथमिक एवं मा.शाला के बच्चों को पेन वितरित कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सेवई, भजिया, बड़ा, खीर, पुड़ी, रोटी, शकरकंद, गन्ना सहित कई व्यंजनों का क्रय–विक्रय किया गया। बच्चों ने मेले में पहुंचकर जमकर आनंद उठाया।



### एनईपी 2020 के तहत व्यवसायिक शिक्षा को प्रोत्साहन

यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों में व्यवसायिक शिक्षा व उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक, भृत्य, रसोइया तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे और उत्सव को सफल बनाया।

### पातरीपारा प्राथमिक शाला में धूमधाम से मना बाल दिवस

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केरागांव के आश्रित ग्राम पातरीपारा प्राथमिक शाला में 14 नवंबर, शुक्रवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बाल दिवस के साथ–साथ आमेश कुमार मरकाम के जन्म दिवस पर भी विद्यालय परिवार द्वारा विशेष उत्सव मनाया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक देव शंकर नेताम, सहायक शिक्षक पंचरत्न प्रकाश मानिकपुरी, उपसरपंच रामकुमार मरकाम केरागांव, माधव मरकाम, सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का समापन प्रधानाध्यापक देव शंकर नेताम द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को नेहरू के आदर्शों का स्मरण दिलाते हुए शिक्षा, अनुशासन और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी।



# बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर फरसगांव में जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों ने पूरे देश में राजनीतिक माहौल को गर्माया, वहीं जीत की खुशी की गूंज छत्तीसगढ़ के फरसगांव तक सुनाई दी। चुनाव के परिणाम आते ही फरसगांव भाजपा मंडल में उत्साह का माहौल छा गया। बिहार में भाजपा-नीत गठबंधन की प्रभावी बढ़त और निर्णायक जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए जमकर आतिशबाजी कर खुशी मनाई। भाजपाईयों ने मिठाई बाँटी और पटाखे फोड़कर जश्न की शुरुआत की। बिहार में आए नतीजों को केंद्र की विकास नीति और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बताते हुए कार्यकर्ताओं ने इसे भाजपा की बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि बताया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रवीर सिंह बदेशा, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पत्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद संगीता राव, नरेंद्र गौर, विनोद पांडे, वरिष्ठ भाजपाई दीपेंद्र मशीह, हितेश साहू सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और शुभकामनाएँ देकर खुशी साझा की। बिहार में एनडीए की जीत पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रवीर सिंह बदेशा ने कहा कि जनता ने फिर से एनडीए पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली पर जनता के विश्वास की जीत है।

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर मनाई खुशी

# छात्रवृत्ति के लिए बैंक अकाउंट और आधार सीडिंग की अंतिम तिथि घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से संबंधित बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग संशोधन के लिए निर्धारित समयसीमा जारी कर दी गई है। यह संशोधन कार्य पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है।

■ एससी वर्ग के विद्यार्थियों व संस्थाओं को समय पर संशोधन करने के निर्देश

■ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में संशोधन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी

भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष व तिथियाँ तय की गई हैं शैक्षणिक वर्ष 2022–23 अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025, शैक्षणिक वर्ष 2023–24 अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025, शैक्षणिक वर्ष 2024–25 अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 समयसीमा के बाद नहीं मिलेगा संशोधन का मौका निर्धारित तिथि के पश्चात विद्यार्थियों को इन शैक्षणिक वर्षोंर् के लिए बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग में संशोधन का अवसर उपलब्ध नहीं रहेगा। इसलिए विद्यार्थियों, प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को समय पर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### *महत्वपूर्ण है यह प्रक्रिया*

*छात्रवृत्ति राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खाते में हस्तांतरित होती है आधार लिंक न होने पर भुगतान अटक सकता है बिजली, फंड ट्रांसफर एवं सत्यापन में देरी रोकने हेतु यह अनिवार्य है विद्यार्थियों से अपील है कि वे समयसीमा से पहले आवश्यक संशोधन अवश्य कर लें, ताकि छात्रवृत्ति का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।*

# पुलिस के हत्थे चढ़ा रेप का फरार आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



4 नवंबर को पीड़िता के घर में घुसकर बलात्कार करने के आरोपी विदेश कुमार मरकाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने 6 नवंबर को थाने में पहुँचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मामले में पुलिस ने तत्काल विवेचना शुरू की थी। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसे सघन तलाश के बाद 13 नवंबर को पकड़ा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा (भा0पु0से0) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. विनोद नेताम, के नेतृत्व में विवेचना के दौरान घटना दिनांक से घटना कारित कर फरार आरोपी का पता तलाश कर आरोपी विदेश कुमार मरकाम पिता स्व.रामप्रसाद मरकाम (27) निवासी ग्राम आमगांव थाना विश्रामपुरी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान आरोप को स्वीकार किया है, जिसके बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। मामले में उप निरी. विनोद नेताम, सउनि. रमेश निषाद, सउनि. निशा प्रयाग, म.प्र.आर. 213 जयो चंद्रवंशी, प्र.आर. 63 सियाराम मरापी आर. 697 जागेश मण्डावी की भूमिका अहम रही है।

# श्रम पंजीयन शिविर में हुआ 166 श्रमिकों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं के लाभ से जोड़ने के लिए श्रम विभाग द्वारा जिले में लगातार मोबाइल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। 13 नवंबर को तीन ग्राम पंचायतों में आयोजित कैंपों में कुल 166 नए पंजीयन और 5 नवीनीकरण किए गए। ग्राम पंचायत सिगारपुरी 112 पंजीयन, ग्राम पंचायत निराछिन्दली 30 पंजीयन एवं 3 नवीनीकरण, ग्राम पंचायत छोटे मालगांव 24 पंजीयन एवं 2 नवीनीकरण इन शिविरों में श्रमिकों को मौके पर ही पंजीयन सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे ग्रामीण श्रमिकों को कार्यालय चक्कर लगाने से राहत मिली।

■ विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैंप का आयोजन

■ जिलेभर में श्रम विभाग की पहल को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया



### श्रमिकों को बताई गई महत्वपूर्ण योजनाएं

मोबाइल कैंप में श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख हैं नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना इन योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया भी मौके पर ही समझाई गई।

### आगे भी जारी रहेंगे मोबाइल कैंप

श्रम विभाग द्वारा आगामी तिथियों में भी विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैंप आयोजित किए जाएंगे। 19 नवंबर से गट्टीपलना, प्रधानचेर्रा, खलारी, एरला, हिरापुर, इंगरा, पाण्डेआठगांव, कोहकामेटा, गम्हरी, चिचाड़ी, एटेकोन्हाड़ी, जोड़ेगा, कुलझर, उमरगांव, सिंगनपुर, पांसगी, माझीचेर्रा, बड़बत्तर, बानगांव, जामगांव, पीढ़ापाल, जामपदर, फॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड कोण्डागांव, कोपाबेड़ा, चांदांगांव, गौरगांव, तितरवंड 4 दिसंबर तक इन शिविरों का उद्देश्य अधिकाधिक श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है।

# उन्नत कृषि प्रदर्शनी में झलकी आधुनिक खेती की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव। ब्लॉक के ग्राम आलोर में महिको बीज कंपनी द्वारा आयोजित उन्नत कृषि प्रदर्शनी में किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी दी गई। कंपनी के मैनेजर ने किसानों को खेत में लगे धान को प्रदर्शनी के रूप में दिखाकर उन्नत कृषि करने के तरीकों के बारे में बताया।

■ बीज कंपनी ने किसानों को दी नवीन तकनीकों की जानकारी

■ उन्नत किसान रूपेन्द्र कुलदीप का किया गया सम्मान

इस अवसर पर उन्नत किसानों को सम्मानित भी किया गया और उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस तरह के आयोजनों से किसानों को अपनी कृषि को और भी उन्नत बनाने में मदद मिलती है। इस दौरान महिको कंपनी के टीबीएम सुचेत कुमार पटेल ने कहा आज ग्राम आलोर में किसान के खेत में प्रदर्शनी लगाई और उन्नत किसान रूपेंद्र कुलदीप को कंपनी के मैनेजर ने उन्हें उन्नत कृषि के लिए सम्मानित किया और कहा कि उनकी कृषि पद्धति अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है।



**ये रहे उपस्थित**–इस दौरान महिको कंपनी के जोनल मार्केटिंग मैनेजर दीपक सक्सेना, टीबीएम सुचेत कुमार पटेल, अंशुमन जेना सहित क्षेत्र सलाहकार प्रवीण साहू, रवि सिंह, योग्रेश नेताम, राजेश नाग के साथ कोंडागांव के डिलर ओम कृषि केंद्र के मनीष साहू, आलोर के रूबी कृषि केंद्र के वीरेंद्र दीवान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# जोन्दरा पदर प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला के प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। नई शिक्षा नीति एवं निपुण भारत अभियान के तहत आयोजित इस मेले का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता तथा संख्यात्मक कौशल को मजबूत करना रहा।

■ बच्चों ने भाषा, गणित और अंग्रेजी की गतिविधियों से बटोरा सबका ध्यान

■ बाल दिवस पर एफएलएन मेले में बच्चों की चमकी प्रतिभा

मेले में बच्चों द्वारा भाषा, गणितीय पहेलियाँ, खेल–खेल में सीखना, और अंग्रेजी की मजेदार गतिविधियों से युक्त स्टॉल लगाए गए। सभी स्टॉलों का संचालन स्वयं विद्यालय के बच्चों ने किया, जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा और सीखने की क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी एवं सहायक शिक्षिका गीता शोरी के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा तैयार की गई गतिविधियाँ अभिभावकों को बेहद पसंद आईं। मेले में बच्चों ने रोचक तरीकों से सीखने की प्रक्रिया प्रदर्शित की, जिससे अभिभावक प्रभावित हुए।




### *सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया उत्साह*

*एफएलएन मेले के साथ–साथ बाल दिवस पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। छात्रें ने नृत्य, गीत और अन्य प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता–पिता और पालक उपस्थित रहे तथा बच्चों की प्रतिभा को सराहा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और सीखने को आनंददायक बनाते हैं।*

# सोनारपाल में विकास की नई इबारत : केदार

**जगदलपुर।** वनमंत्री केदार कश्यप ने शुक्रवार को सोनारपाल में नई उद्यानिकी महाविद्यालय और छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास भवन सहित कुल 17 करोड़ 54 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप मौजूद रहे।

केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आधारशिला केवल ईंट और पत्थरों की नहीं, बल्कि क्षेत्र के कृषि भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा, लगभग पौने तीन माह पहले, 21 अगस्त को हमने जो सपना सोनारपाल के किसानों और युवाओं के लिए देखा था, आज वह साकार हो रहा है। क्षेत्र में उद्यानिकी कृषि के प्रति जो रुझान है, उसे देखते हुए यह महाविद्यालय उन्हें आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता से लैस करेगा, जिससे बस्तर अब पिछड़ेपन का नहीं, बल्कि प्रगति की नई पहचान बनेगा। हमारी सरकार का उद्देश्य हर गाँव तक विकास की रोशनी पहुँचाना है ताकि कोई भी क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए। उन्होंने स्थानीय जनता से इन विकास कार्यों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान भी किया। इस अवसर पर महेश कश्यप ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, सोनारपाल में उद्यानिकी महाविद्यालय का बनना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह शिक्षण संस्थान यहाँ के बेटे-बेटियों को न केवल उच्च शिक्षा का अवसर देगा, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के लिए भी तैयार करेगा। सड़क निर्माण जैसे कार्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेंगे। हम सब मिलकर सुनिश्चित करेंगे कि ये परियोजनाएँ समय पर पूरी हों और इनका अधिकतम लाभ यहाँ की जनता को मिले। इन प्रमुख परियोजनाओं में कृषि विभाग के तहत 8 करोड़ 89 लाख रुपए के उद्यानिकी महाविद्यालय और 6 करोड़ 02 लाख रुपए की लागत के छात्रावास भवन का निर्माण शामिल है, जबकि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 2 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से सम्राट ढाबा मुंजला से देवड़ा बाजार पसरा तक 3 कि.मी. पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू किया गया है। मंत्री की घोषणाओं पर इतनी त्वरित कार्यवाही होते देख सोनारपाल के ग्रामीणों में भारी खुशी और संतोष का माहौल है, जो उनके क्षेत्र के लिए एक उज्जवल भविष्य का संकेत है।



## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से

**बीजापुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का बहुप्रतीक्षित सीजन 15 नवंबर से जिले में शुरू होने जा रहा है। धान खरीदी की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष जिले में कुल 30 संग्रहण केंद्रों में किसानों से धान खरीदा जाएगा। धान खरीदी के शुभारंभ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रहेगी। मुख्य कार्यक्रम नैमेड़ धान संग्रहण केंद्र में आयोजित किया जाएगा, जहां बस्तर सांसद महेश कश्यप धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

### इन्द्रावती टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में स्वैच्छिक विस्थापन

**बीजापुर।** इन्द्रावती टाइगर रिज़र्व प्रबंधन ने कोर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के स्वैच्छिक विस्थापन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी जारी की है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में इन ग्रामों के विस्थापन हेतु शासन स्तर पर कोई भी योजना प्रस्तावित नहीं है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि न तो शासन और न ही वन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार के जबरन विस्थापन की कार्रवाई की जाएगी। यदि भविष्य में कोई प्रक्रिया होती है, तो वह केवल ग्रामीणों की पूर्ण स्वेच्छा और सहमति के आधार पर ही की जाएगी। प्रबंधन ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और तथ्यात्मक जानकारी के लिए इन्द्रावती टाइगर रिज़र्व प्रशासन से ही संपर्क करें।

## निधन

### रामचन्द्र रथ



**जगदलपुर।** दंतेश्वरी मंदिर स्थित सरस्वती देवी के पुजारी रामचन्द्र रथ 83 वर्ष का आज रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार थे। वे रवींद्र, विश्वनाथ तथा शशि भूषण सहित 2 बेटियों के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9.30 बजे निवास भैरमदेव वार्ड से मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

### उषा यादव

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस की मंडल अध्यक्ष बालाजी वार्ड की पूर्व पार्षद बी.ललिता राव की माता उषा यादव 69 वर्ष का निधन आज हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 9:30 बजे उनके निवास बालाजी वार्ड से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# विद्यार्थियों ने चम्मच और बिस्किट दौड़ में बढ़-चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम







एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कटेकल्याण में बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य और आनंदमय कार्यक्रम का

- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में बाल दिवस का हुआ आयोजन

आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रातः प्रार्थना सभा के पश्चात शिक्षक महेंद्र शर्मा ने बाल दिवस पर संक्षिप्त और प्रेरक उद्बोधन दिया और विद्यार्थियों को हर परिस्थिति में मस्त रहो, व्यस्त रहो, खुश रहो का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिनमें फनी दौड़ अत्यंत रोमांचक रही। इसके बाद सदन के विद्यार्थियों ने कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, बिस्कुट दौड़, एक हड्डी दो कुत्ता जैसे मनोरंजक खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन खेलों ने विद्यार्थियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया। विजेता सदनों के प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य कुलदीप सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से सभी को कृतार्थ किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। बाल दिवस के इस समारोह ने विद्यार्थियों में खुशी, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया। सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी इस आयोजन से अत्यंत उत्साहित और संतुष्ट रहे। विद्यालय ने इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे उनकी प्रतिभा और कौशल का विकास हो सके।

### परब कोठार परिसर में विधायक का स्वागत

# विकास और सौगात के रंग में रंगा रहा आज का दिन







हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

आज बस्तर क्षेत्र विकास और जनसंपर्क के रंग में रंगा रहा, जब बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत कोलचूर पहुंचे और उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने परब कोठार परिसर में पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। महामाई कारीतेलगीन झंडा गोसिन माता का लोकार्पण कर विधायक मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां उन्होंने नव निर्मित भवन का लोकार्पण कार्य को संपन्न किया। इस धार्मिक संरचना का निर्माण खनिज संस्थान न्यास निधि से लगभग 5 लाख रुपये की लागत से पूरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया।

- बामनदई माता गुड़ी का किया परपंरानुसार भूमिपूजन

शासकीय हाई स्कूल एवं अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण कोलचूर ग्राम पंचायत में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। विधायक ने 13.62 लाख रुपये की लागत से बने शासकीय हाई स्कूल भवन तथा 11.56 लाख रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण किया। दोनों भवन जिला खनिज संस्थान न्यास की निधि से निर्मित हुए हैं।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बस्तर विधायक ने स्कूल पहुंकर बच्चों से मुलाकात की और उन्हें उज्वल भविष्य की कामना करते हुए चॉकलेट वितरित किए। स्कूल प्रांगण में बच्चों के साथ उनका आत्मीय संवाद देखने योग्य रहा। बच्चों की मांग पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कोलचूर में कक्षा 10वीं से 12वीं तक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संचालन का आश्वासन दिया साथ ही स्कूल मैदान को समतल करने हेतु 5 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे खेल सुविधाओं का विस्तार होगा।

ग्राम पंचायत भाटपाल, भुरशुडी में विधायक लखेश्वर बघेल ने श्रद्धा एवं परंपरा के प्रतीक बोहरिया मातागुड़ी का लोकार्पण किया। शिक्षा के विस्तार को बढ़ावा देते हुए 21.59 लाख रुपये की लागत से बने नवीन माध्यमिक शाला भवन का लोकार्पण किया यह भवन ग्रामीण बच्चों की शिक्षा को नई दिशा देगा। विधायक ने 1.5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बामनदई माता गुड़ी का विधिवत भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने इस विकास और धार्मिक कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। समापन पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल ने कहा कि आज का दिन बस्तर क्षेत्र के लिए विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। धार्मिक, शैक्षणिक और बुनियादी ढाँचे के अनेक कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया, जिसकी कुल लागत कई करोड़ रुपये है। विधायक लखेश्वर बघेल की सक्रियता और ग्रामीणों से उनका आत्मीय संवाद क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में सकारात्मक संकेत देता है।

# सीईओ ने किया गंजेनार व मोलसनार का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

विगत दिवस जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा द्वारा ग्राम पंचायत गंजेनार एवं मोलसनार का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत गंजेनार में जन चौपाल में उपस्थित होकर ग्रामीणों से सीधी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को मिल रहे लाभ के बारे में जानना चाहा। साथ ही अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए जानकारी भी दी गई। इस मौके पर सीईओ ने पंचायत में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रही गतिविधियां, मनरेगा कार्यो, तथा विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद सीईओ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित उपस्थित रहे।

# स्लरी पाइपलाइन मामले में बचेली पहुंची तुलिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



वार्डवासियों के विस्थापन के मामले की जनकारी मिलते ही मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा पहुंची और जायज़ा लिया। तुलिका ने फ़ोन से अनुविभागीय अधिकारी को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि यहाँ आपको जनता की सेवा करने के लिए शासन ने भेजा है न कि यहां पर आकर सिर्फ तोड़ फोड़ मचाने। अनुविभागीय अधिकारी को कहा बस्तर में यूपी जैसा बुलडोजर राज लाना चाह रहे है। वार्ड में बुलाया अधिकारी ने दन्तेवाड़ा में होने की बात कही और तहसीलदार को भेजने का आश्वासन दिया। वार्डवासियों के उपस्थित होने के बावजूद भी कोई अधिकारी अथवा उनका प्रतिनिधि स्थल पर नहीं आये। जिस पर वार्डवासियों की पीड़ा देख तुलिका कर्मा भड़क उठी और दो टूक कह दिया कि जब तक समस्या का निवारण नहीं होगा तो वे स्वयं वार्ड में तंबू लगा कर धरने पर बैठ जाएंगी।

इस पूरे मामले में प्रशासनिक अधिकारी एवं जिम्मेदार व्यक्ति सब नजर चुराते नजर आये। तुलिका ने वार्डवासियों के सामने ही आश्वासन दिया और सभी सम्बंधित अधिकारी को कल प्रभावित वार्ड में बैठक करवाने के निर्देश दिए, ताकि समस्या का उचित समाधान वार्डवासियों की सहमति से हो सके। तुलिका ने तीखे लहजे में कहा कि अगर इस तरह का गैरजिम्मेदारान हरकत हुआ और बिना विस्थापन के वार्डवासियों को परेशान किया जाएगा तो वे या तो उस वार्ड में धरने पर बैठ जाएंगी या फिर अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर देंगी।

जिस पर अधिकारी ने तुलिका कर्मा को आश्वस्त किया कि कल सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति में एक संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी और वार्ड वासियो के माँग अनुरूप फैसला लिया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत पर रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर आज न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा किया गया। बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, दंतेवाड़ा न्यायालय के समस्त पीठासीन न्यायाधीश, अधिवक्तागण, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता, विद्युत विभाग, नगर पालिका दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर, दूरसंचार विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक तथा जिला अंत्यावसायी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभागों एवं बैंकों ने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण प्रस्तुत करने तथा सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की, ताकि आम नागरिकों को लोक अदालत के माध्यम से त्वरित एवं सरल न्याय का अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य ने उपस्थित न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लंबित एवं उपयुक्त प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने तथा उनका निराकरण सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि लोक अदालत नागरिकों को समय, धन और श्रम की बचत करते हुए न्याय दिलाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम है, अतः इस परिप्रेक्ष्य में संबंधित विभाग एवं बैंकों से प्रभावी भूमिका अपेक्षित है।

# बस्तर ओलंपिक में बच्चों संग किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन अवसर पर एक भावनात्मक और उत्साहवर्धक दृश्य देखने को मिला, जब कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने खिलाड़ियों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया।

यह क्षण खिलाड़ियों और अधिकारियों दोनों के लिए सुखद और रोमांच से भरा रहा। दो दिवसीय जिला स्तरीय इस आयोजन में जिले के चारों ब्लॉकों के दूरस्थ अंचलों से आए खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर ने आयोजन से पूर्व ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए थे कि खिलाड़ियों के ठहरनेए भोजन और पेयजल की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न हो तथा भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसी क्रम में कलेक्टर स्वयं खिलाड़ियों के बीच पहुंचे और बच्चों के साथ भोजन कर न केवल व्यवस्था का जायज़ा लिया बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाया। अधिकारियों की इस आत्मीय पहल से खिलाड़ियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। यह दृश्य बस्तर ओलंपिक के उन खास पलों में शामिल हो गया जो प्रतिभागियों के मन में लंबे समय तक यादगार रहेंगे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी, जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया सहित जनप्रतिनिधि मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# योग आयोग अध्यक्ष का बस्तर प्रवास 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आगामी 16 से 18 नवम्बर को छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा 3 दिवसीय बस्तर प्रवास पर रहेगे। उनके साथ कबीर पंथ के प्रमुख महाराज देवकर साहेब, मदकूदीप के महाराज रामरूपदास तथा आर्य समाज, पतंजलि, गायत्री परिवार के प्रमुख भी रहेंगे। 16 नवम्बर को वे रायपुर से कांकेर के लिए रवाना होगें। कांकेर सर्किट हाउस में योग के प्रचार-प्रसार के लिए योग साधकों, कार्यकर्ताओं एवं समाज, संगठन, संस्था के बंधुओं के साथ बैठक कर जगदलपुर होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए दंतेवाड़ा के लिए रवाना होगें। 17 नवम्बर को छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा राज्य में योग के प्रचार-प्रसार, स्वस्थ व निरोगी जीवनशैली अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति आमजनों में जन-जागरूकता लाने तथा प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या मे अपनाने एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से आदिवासी बहुल्य क्षेत्र दंतेवाड़ा में दस दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर कार्यकम 17 से 26 नवंबर तक शुभारंभ करंगे।

# बस्तर जिला ओलंपिक के विजेताओं का संभाग स्पर्धा के लिए हुआ चयन



**कांकेर।** बस्तर ओलंपिक 2025 की तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। विजयी प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया और यह खिलाड़ी अब संभाग स्तर पर बस्तर में अपने हुनर को दिखाएंगे। अतिथियों ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वस्थ तन-मन के लिए खेल एवं योग बेहद जरूरी है। इन विधाओं से जुड़कर प्रत्येक व्यक्ति सशक्त एवं मजबूत बन सकता है।

नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार बस्तर लाल आतंक से मुक्त होने जा रहा है। यहां के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को दशा और दिशा देने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यहां की खेल प्रतिभाओं को निश्चित रूप से प्रदेश सरकार ने प्लेटफॉर्म दिया है। उन्होंने सभी विजयी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए संभाग स्तरीय खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। इसके पहले विद्यालयीन छात्राओं के द्वारा बस्तर की लोक परंपराओं पर आधारित मनमोहक नृत्य का प्रस्तुतिकरण दिया।

# बाल दिवस पर हुआ रंगारंग फन फेयर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहण्डीगुड़ा में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें प्राचार्य, शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों एवं फन फेयर का सफल आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद शिक्षकों ने सुव्यवस्थित रूप से सभा का संचालन किया तथा एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमामय वातावरण प्रदान किया। छात्रों ने नृत्य, गीत और नाट्य जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी।

औपचारिक कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ फन फेयर का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों सदनों शिवनाथ, इंद्रावती, महानदी और अरपा ने आकर्षक तरीके से अपने-अपने स्टॉल लगाए। छात्रों द्वारा तैयार किए गए इडली, मैगी, स्वीट कॉर्न, गुपचुप जैसे स्वादिष्ट व्यंजन लोगों को खूब पसंद आए। प्रत्येक सदन ने मनोरंजक खेल व गतिविधियाँ भी रखीं, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

फन फेयर का उद्घाटन डीईओ बीआर बघेल, एसएमएसडीसी प्रमुख बसंत खश्यप, बीईओ शालिनी तिवारी तथा धुरागांव के सरपंच गुड्डू राम बघेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और भी बढ़ गया। प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगणों की उपस्थिति और सहयोग से बाल दिवस एवं फन फेयर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों के लिए आनंद, सीख और रचनात्मकता का अनूठा संगम साबित हुआ।

# नारियों का सम्मान करते संस्कृति को बचाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की योजना अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में सप्तशक्ति संगम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका सुश्री बुदरी ताती, सुश्री अंती वेक व शिक्षका दीपा जैन उपस्थित रहे।

अतिथियों ने सरस्वती माता, ओम व मां भारती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना की। इसके पश्चात पांच माताओ अनीता नाग, उर्मिला गुप्ता, शांता बेंजाम, कमला सोनी, लक्ष्मी यादव को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। यह सभी माताएं अपने परिवार, समाज एवं बच्चों के लिए समर्पित हैं जो संघर्ष करके अपने बच्चों को पाल रही हैं, साथ ही बच्चों को पढ़ाना अपने जीवन का सार समझती है। इसमें शांता बेंजाम के पति की नक्सलियों के द्वारा हत्या कर दी गई। लेकिन वे अपने तीनों बच्चों को परिश्रम कर पाल रही है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्यामा साहू व खुशबू जायसवाल ने भारतीय नारियों का सम्मान करते हुए अपने भारतीय संस्कृति को बचाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि माताए अपने बच्चों को ध्रुव, प्रहलाद, राम, कृष्ण जैसे संस्कारवान बनाकर समाज के बीच में आदर्श प्रस्तुत करें। विद्या भारती के योजना के रूप नारी शक्ति को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित था। यह कार्यक्रम कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण रक्षा, जल संरक्षण, संयुक्त परिवार व शिक्षा पर आधारित था। इसके पश्चात सभी माताओ से रामायण, महाभारत, श्रीमद् भागवत गीता व पर्यटन स्थल से संबंधित प्रश्न पूछा गया व उत्तर देनी वाली माताओ को पुरस्कृत किया गया।

## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम स्थल का विधायक ने लिया जायजा



**जगदलपुर।** सिटी ग्राउंड में शनिवार को होने वाले जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण विधायक किरण सिंह देव तथा महापौर संजय पांडे ने किया। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, विद्याशरण तिवारी, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, सहायक आयुक्त जीआर शोरी, मनोहर दत्त तिवारी, परिश बेसरा, परेश ताटी, योगेश मिश्रा, संतोष नाग उपस्थित रहे।

### शिविर में पहुंचे 165 लोगों ने कराया आधार अपडेट



**जगदलपुर।** बाल दिवस के अवसर पर बच्चे के नामांकन और आधार अपडेट हेतु डाक विभाग द्वारा एक विशेष आधार शिविर का आयोजन किया गया। बस्तर संभाग में 14 नवंबर की सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक 8 आधार केन्द्र डाकघरों में शिविर आयोजित किए गए, 165 लोग शामिल हुए। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को आधार सुविधा से जोड़ना तथा पूर्व से बनें आधार में सुधार किया गया। शिविर प्रधान डाकघर प्रधान डाकघर जगदलपुर, उप डाकघर सुकमा, कांकेर, उप डाकघर लोहाण्डीगुडा, उप डाकघर फरसगांव, उप डाकघर सरोना, उप डाकघर कोंडागांव, उप डाकघर कोरर, उप डाकघर बीजापुर में होगी। अधीक्षक डाकघर ज्ञायनेस कुमार मिश्रा ने बताया कि यह पहल बच्चों में डिजिटल पहचान एवं सरकारी सेवाओं तक आसान पंहुच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एनडीए की जीत पर लोहंडीगुड़ा में जश्न



**जगदलपुर।** बिहार चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलने पर लोहण्डीगुड़ा भाजपा मंडल कार्यालय में उत्सव एवं जश्न का माहौल देखने को मिला। कार्यालय में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए और एक दूसरे को बधाई देते लोगों के बीच मिष्ठान वितरण किया पटाखे भी फोड़े। इस दौरान पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, मंगतु कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, नरेश खापर्डे,नरसिंह ठाकुर, सावेंद्र सेठिया, सरपंच भरत कश्यप,जीवनाथ मौर्य, बलीराम बघेल,अजय बघेल, रैतू,डोमू कश्यप,शिवनंद पेगड़, उमेंद्र ठाकुर,गुड्डू कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहला बस्तर हाई स्कूल में तैयार हुआ अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास

## शताब्दी समारोह पर मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की शिक्षा व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक क्षण तैयार है। बस्तर हाई स्कूल अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए वह उपलब्धि हासिल करने जा रहा है, जो अब तक किसी भी शासकीय स्कूल में नहीं हुई,राज्य का प्रथम अत्याधुनिक हाइटेक डिजिटल स्मार्ट क्लास।

17, 18 और 19 नवंबर को होने वाले शताब्दी समारोह में इन दो हाई-टेक कक्षाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री,स्कूल शिक्षा मंत्री, सांसद,विधायक और महापौर द्वारा किया जाएगा।





### रोबोट ड्रोन और एआई से सजेगा कक्षा का भविष्य

इस हाइटेक डिजिटल क्लास में रोबोटिक्स, ड्रोन ऑपरेशन, डिजिटल स्क्रीन आधारित इंटरैक्टिव शिक्षण और एआई-सक्षम टूल्स शामिल होंगे। पूर्व विधायक किरण देव से हुई चर्चा के बाद इस परिकल्पना को अंतिम स्वरूप दिया गया। यह कक्षा न सिर्फ बस्तर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए पहली और अनूठी मॉडल क्लासरूम होगी। शैलेन्द्र ने कहा कि यदि कोई अन्य संस्था ऐसा कदम उठाना चाहे,तो वे बिना शुल्क अपनी सेवाएँ देने के लिए तैयार हैं, ताकि बस्तर का शैक्षणिक भविष्य और भी उज्ज्वल बन सके।

इस अभूतपूर्व पहल के मुख्य प्रेरक और पूर्व विद्यार्थी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह सपना उन्हें भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से मिली प्रेरणा से मिला। रायपुर में कलाम जी से हुई मुलाकात में उन्होंने कहा था,बस्तर की संस्कृति को विज्ञान से जोड़कर काम कीजिए। यही वाक्य उनके जीवन का मंत्र बना और उन्होंने अपने माता–पिता शारदा ठाकुर एवं देवेंद्र सिंह ठाकुर की स्मृति को समर्पित करते हुए इस ऐतिहासिक योगदान की परिकल्पना की।

## शहरवासियों को मिलेगी 92.22 लाख की सौगात

# मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप तेजी से हो रहा विकासः किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में 92.22 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने लोकार्पण

- विधायक के पहल से पूरे क्षेत्र में विकास हो रहा : पाण्डेय

व भूमिपूजन किया। शहर में युवाओं को क्रिकेट में बेहतर मंच मिलें जिसमें युवा खेलकर आगे बढ़ सके। इसी तारतम्य में इंदिरा स्टेडियम में बाक्स क्रिकेट का भूमिपूजन किया गया। डीएमएफटी मद से 19.95 लाख रुपए एवं बस्तर क्लब में बाक्स क्रिकेट 17.27 लाख रुपए की लागत से भूमिपूजन किया गया। वहीं शहर के कोर्ट तिराहा चौक में जलाराव से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन मद से 30 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। महापौर संजय पांडे एवं जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। वहीं शहर के वीर सावरकर भवन रिनोवेशन कार्य का लोकार्पण किया गया। 25 लाख की लागत से कार्य होगा। किरण देव ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। शहर विकास में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा युवाओं को बाक्स क्रिकेट के माध्यम से बेहतर प्लैटफॉर्म मिलेगा। इंदिरा स्टेडियम एवं बस्तर क्लब में बाक्स क्रिकेट का कार्य प्रारंभ होगा। जिसका निर्माण तय समय सीमा में पूर्ण होकर शहरवासियों को सौगात मिलेगा। शहर की जनता को सांस्कृतिक, सामाजिक व अन्य संस्थाओं को सुसज्जित व आधुनिक भवन उपलब्ध होगा। जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। महापौर संजय पांडे ने कहा हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश का लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक के दूरगामी सोच से शहर में हर क्षेत्र में लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं।



**ये रहे उपस्थित :** लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, विद्याशरण तिवारी, एमआईसी सदस्य निर्मल प्रसाद पानीगाही, योगेन्द्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, आशा साहू, उर्मिला यादव, कुबेर देवांगन एवं मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, आर्येंद्र सिंह , मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव , राजपाल कसेर, परेश ताटी, योगेश मिश्रा, पंकज आचार्य, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज उपस्थित थे ।

# राजीव भवन में मनाई गई जवाहरलाल नेहरू की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में आज बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने सर्वप्रथम तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि नमहात्मा गांधी के संरक्षण में स्वतंत्रता आंदोलन के सर्वोच्च नेताओं में से एक थे । आधुनिक भारत की आधारशिला रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही । बच्चों के प्रति विशेष स्नेह के कारण ही उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजेश चौधरी , अंगद प्रसाद त्रिपाठी,हनुमान द्विवेदी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, भुवन झा, अमर सिंह,कमलेश पाठक, रविशंकर तिवारी, मोहसिन खान,राजेंद्र पटवा, सलीम जाफर अली,रामकृष्ण तिवारी उपस्थित रहे।

### ध्वजारोहण कर सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

**जगदलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ मर्यादित नई दिल्ली द्वारा 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ आज उपाध्यक्ष नरसिंह राव ने बस्तर जिला सहकारी संघ कार्यालय में ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सहकारी बंधु उपस्थित रहे।



## भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती वर्ष भर श्रद्धा और गौरव के साथ : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक पूरा वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजाति गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सान्निध्य, छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण
- प्रधानमंत्री मोदी ने दिया जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास का मॉडल

अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन और उनके करकमलों से आदिवासी महानायकों के पराक्रम व बलिदान की स्मृतियों को संरक्षित करता भव्य संग्रहालय लोकार्पित होना ऐतिहासिक उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रति वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत प्रदेशभर में व्यापक आयोजन चल रहे हैं। जनजातीय समाज के स्वाधीनता संग्राम के नायकों के स्मारक, पैतृक ग्राम और जन्मस्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं की जानकारियों पर आधारित वृहद प्रदर्शनी भी जगह-जगह लगाई जा रही है।

लोक-कलाकारों की प्रतिभा निखारने के लिए ब्लॉक और जिला स्तरीय प्रस्तुतियाँ जारी हैं। आश्रम छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता अभियान और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 15 नवंबर को सभी जिलों में विशेष आयोजन होंगे। 19-20 नवंबर को अम्बिकापुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं का समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सान्निध्य में होगा। कश्यप ने कहा कि सरकार ने लगभग 6,650 आदि आदर्श ग्रामों को चयनित किया है, जहां जन-जागरण, वाद-विवाद, भाषण, निबंध लेखन, गायन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। महापुरुषों की प्रतिमाओं के समक्ष स्वच्छता अभियान और ग्राम पंचायतों में लगातार गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं के लाभार्थियों के सम्मेलन आयोजित कर जनजाति समाज तक सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सुनिश्चित की जा रही है।



## सुशासन, विकास और सौहार्द्रता पर बिहार की जनता ने मुहर लगाई : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की शानदार जीत को बिहार के सुशासन मॉडल की जीत कहा है। जारी बयान में उन्होंने कहा बिहार के नतीजे डबल इंजन की सरकार के पिछले 20 वर्षों के कार्यकाल में वहां का जो विकास और सुशासन की व्यवस्था और भयमुक्त वातावरण की ओर इंगित करते हैं। सुशासन, विकास और सौहार्द्रता पर बिहार की जनता ने अपनी मुहर लगाई है, डबल इंजन की सरकार पर उसने विश्वास व्यक्त किया है, सरकार के द्वारा किए गए विकास पर विश्वास किया है। उन्होंने बिहार के कैबिनेट मंत्री और छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन की शानदार जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बिहार की चुनावी कमान सम्हालने वाले छत्तीसगढ़ के सभी पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों ने इस चुनाव में कर्मठता परिचय दिया।

## जन-जन की आकांक्षाओं, विश्वास एवं सक्रिय जनभागीदारी की जीत : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली ऐतिहासिक व प्रचंड जीत पर महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में निर्णय लेते हुए विश्वास जताया है। यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, नीतियों, विकास दृष्टि और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना में जनता की आस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए द्वारा प्राप्त यह प्रचंड बहुमत जन-जन की आकांक्षाओं, विश्वास एवं सक्रिय जनभागीदारी की जीत है। बिहार की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जहां-जहां एनडीए की सरकारें बनी हैं वहाँ निरंतर विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण को गति मिली है।

# जागरूकता से सुरक्षित भविष्य बाल शक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बाल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बस्तर जगदलपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा

- बाल दिवस पर विद्यालयों में बच्चों के मध्य पहुंचे न्यायाधीश

प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविंद नारायण जांगडे के मार्गदर्शन में ग्राम विलोरी एवं आड़ावाल स्थित विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कु. अंकिता कश्यप द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों, साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्प्रभाव, पॉस्को एक्ट तथा मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियां सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रदान कीं। बाल दिवस के संदर्भ में उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दिन हमें बच्चों की मासूमियत, जिज्ञासा और विकास के अधिकारों की याद दिलाता है। जागरूकता, शिक्षा और संवेदनशील वातावरण ही उनके उज्ज्वल कल का आधार है। शिविर के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और विभिन्न विषयों को लेकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कानूनी समझ विकसित करना और उन्हें भविष्य में जिम्मेदार, डिजिटल सुरक्षित एवं अनुशासित नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। न्यायाधीश ने सभी विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास के माध्यम से ही सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।



आवश्यकता है
होटल में कार्य करने हेतु आवश्यकता है
रूम अटेंडर- 3 पद
सुपरवाइजर- 1 पद
रिसेप्शनिष्ट- 2 पद
संपर्क- 9826803321
हॉटल पूनम
चांदनी चौक, जगदलपुर

# बस्तर की मिट्टी, संघर्ष और सपनों से जन्मी एक जीवंत कहानी फिल्म 'माटी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को रिलीज़ हुई फ़िल्म 'माटी' ने पहले ही दिन सिनेमाघरों में ऐसा उत्साह भर दिया कि महिलाएं, युवतियां और युवा पहले शो से ही थिएटरों में उमड़ पड़े। स्थानीय कलाकारों की पहली ही

- माटी ने पहले ही दिन मचाई धूम
- बस्तर के नए कलाकारों की धमाकेदार एंट्री

फ़िल्म में यह धमाकेदार सफलता बस्तर की प्रतिभा को नई इबारत लिखते हुए राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करती है।

फ़िल्म के लेखक निर्माता और समाजसेवी संपत झा कहते हैं बस्तर केवल संघर्षों की कहानी नहीं, बल्कि संवेदनाओं, हिम्मत और उम्मीदों की धरती है। माटी उसी आत्मा की आवाज़ है।

माटी पहली बार अनकहे संघर्षों को बड़े पर्दे पर परिभाषित करती है। हमने बस्तर के उन सैकड़ों लोगों को जोड़ा जो बदलाव चाहते थे। हमें धमकियां मिलीं, कई साथी शांति की राह में बलिदान हो गए,पर उनकी गाथाएं कहीं दर्ज नहीं हुईं। बस्तर की माटी आज भी उनके कदमों की आहट और उनके सपनों की गूंज को संजोए हुए है। निर्माता-निर्देशक और नए कलाकारों के लिए भावनात्मक क्षण ट्री मैन और वृक्ष मित्र के नाम से पहचाने जाने वाले संपत झा बताते हैं कि फ़िल्म का हर फ्रेम केवल सिनेमाई कैप्चर नहीं,बल्कि बस्तर की आत्मा का अनुभव है।

स्थानीय कलाकारों की सादगी, प्रस्तुति और अभिनय ने दर्शकों के हृदय पर गहरी छाप छोड़ी। माटी साबित करती है कि बस्तर केवल कहानी नहीं, एक संवेदना है।

स्थानीय कलाकारों की ऊर्जा, सादगी और नैसर्गिक अभिनय ने इस फ़िल्म को एक ऐसी पहचान दी है, जिसे प्रदेशभर में सराहा जा रहा है। थिएटरों में पहले ही दिन उमड़ी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि बस्तर आज अपनी नई पीढ़ी के कलाकारों के साथ खड़ा है और उनके हर सपने को उड़ान देने को तैयार है।

बस्तर जिला पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश रावल ने कहा कि फिल्म का लोकेशन, संगीत और कलाकारों का अभिनय लाजवाब रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म में स्थानीय कलाकारों के होने से उन्हें लगा था कि एक सामान्य फिल्म और अभिनय होगा। उन्होंने कहा कि फिल्म देखने के बाद उन्हें लगा कि सभी मंझे हुए कलाकार हैं और वह फिल्म के निर्माता और निर्देशक को बधाई देते हैं। पेशे से शिक्षिका प्रेरणा लुंक्कड़ ने कहा कि फिल्मकारों ने बेहद शानदार फिल्म बनाई है, फिल्मांकन भी बेहद अच्छा है उन्होंने फिल्म में काम करने वाले कलाकारों की भी जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि वह पहली बार छत्तीसगढ़ी फिल्म देख रही हैं उन्होंने फिल्म की डायरेक्शन और प्रोडक्शन की जमकर प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि फिल्म में बस्तर की नक्सल समस्या को बड़े अच्छे ढंग से दिखाया गया है।

वहीं बस्तर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सीजी ने कहा कि वैसे तो बस्तर में नक्सल विषय को लेकर कई फिल्में बन चुकी है लेकिन बस्तर के निर्माता ,बस्तर के निर्देशक और बस्तर के ही कलाकारों द्वारा इतनी शानदार फिल्म बनाना आश्चर्यजनक है कि बस्तर में बॉलीवुड और छालीवुड के टक्कर की फिल्म बन रही है।





